**बुधवार**
**3, जून , 2026**

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 114 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com



## कुमार रवि ने कहा- पंचायत स्तर पर ही होगा समस्याओं का समाधान



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बिंद पंचायत सरकार भवन में “सहयोग शिविर” का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने की। शिविर में उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और लाभुकों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। विभिन्न विभागों को कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्रामीण विकास विभाग से 58, भू-अर्जन विभाग से 17, शिक्षा विभाग से 8, श्रम संसाधन विभाग से 2, पीएचईडी से 1, विद्युत विभाग से 1 तथा अन्य विभागों से 11 आवेदन शामिल थे।प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राप्त 98 आवेदनों में से 93का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

सचिव कुमार रवि ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी लंबित आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मौके पर जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बड़े अपराध की साजिश नाकाम, हथियार और कारतूस के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। लहेरी थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियार और जिंदा कारतूस के साथ तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी किसी गंभीर आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। उनके पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 की रात करीब 10:30 बजे लहेरी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि मदरसा गली स्थित परमानंद सिंह के मकान में तीन आदतन अपराधी हथियारों के साथ ठहरे हुए हैं और किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिहारशरीफ के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारीदल का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मदरसा गली स्थित मकान में छापेमारी की। मकान के प्रथम तल पर एक कमरे से मोनू कुमार, राजा कुमार और मोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के शिवाजी कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय मोनू कुमार, बिंद थाना क्षेत्र के मोहदीपुर निवासी 25 वर्षीय राजा कुमार तथा बिहार थाना क्षेत्र के कटरापर निवासी 25 वर्षीय मोहित कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों आरोपितों के विरुद्ध चोरी, लूट, डकैती, रंगदारी, दंगा और आर्म्स एक्ट के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। तीनों पूर्व में जेल भी जा चुके हैं। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

छापेमारी दल में लहेरी थानाध्यक्ष, पुलिस अवर निरीक्षक सर्वेश कुमार, रणधीर कुमार, चंदन कुमार तथा सिपाही ब्रजेश कुमार और दीपक कुमार शामिल थे। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।

## राजगीर मलमास मेला: 1000 शौचालय, 1000 कर्मी और 24 घंटे निगरानी



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के सफल, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष स्वच्छता व्यवस्था लागू की गई है।

नगर परिषद राजगीर द्वारा पूरे मेला क्षेत्र को तीन जोन में विभाजित किया गया है, ताकि साफ-सफाई कार्यों का प्रभावी संचालन और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर परिषद एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की ओर से 1000 से अधिक अस्थायी शौचालय और मूत्रालय स्थापित किए गए हैं।

मेला क्षेत्र में सफाई कार्य 24 घंटे तीन पालियों में संचालित किया जा रहा है। इसके लिए 1000 से अधिक सफाईकर्मियों, पर्यवेक्षकों और अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं 90 से अधिक वाहन, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य मशीनों को सफाई व्यवस्था में लगाया गया है। निगरानी के लिए 62 जोनल एवं सहायक नोडल पदाधिकारियों तथा 131 पर्यवेक्षीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।मेला के प्रमुख धार्मिक स्थलों सप्तधारा और ब्रह्मकुंड की विशेष सफाई कराई जा रही है। यहां नियमित रूप से गाद और अवशिष्ट हटाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।नगर परिषद ने आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) का गठन भी किया है। साथ ही ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन करते हुए उसे प्रसंस्करण केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने और कचरा निर्धारित डस्टबीन में डालने की अपील की है।

## आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन प्रक्रिया शुरू, कला सीखने का सुनहरा अवसर

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार की ओर से नालंदा जिले में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र का संचालन शुरू किया जा रहा है। इसके तहत शास्त्रीय गायन, भरतनाट्यम, कथक तथा तबला, ढोलक एवं हारमोनियम वादन की विधाओं में छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया जाएगा। नामांकन के बाद नियमित प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

नामांकन के लिए आवेदन प्रपत्र कला एवं संस्कृति कार्यालय, नालंदा समाहरणालय, बिहारशरीफ से प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 25 जून 2026 तक आवेदन की हार्डकॉपी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन केवल हार्डकॉपी के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र किसान कॉलेज रोड, आशानगर, सोहसराय स्थित अरावत मैरेज हॉल के निकट संचालित होगा। केंद्र में प्रत्येक विषय में अधिकतम 40 विद्यार्थियों का नामांकन “पहले आओ, पहले पाओ” के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा तथा किसी प्रकार का मासिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

नामांकन के लिए जन्म तिथि प्रमाण पत्र या आधार कार्ड के साथ तीन पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम आयु सीमा 6 वर्ष निर्धारित की गई है। केंद्र मंगलवार से रविवार तक खुला रहेगा और कक्षाएं दो पालियों में अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तथा 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होंगी।

विभाग ने बताया कि नृत्य प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों को घुंघरू और पोशाक जैसी सामग्री स्वयं उपलब्ध करानी होगी। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9608796112 पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून 2026 निर्धारित की गई है।

# पंचायतों और नगर क्षेत्र में लगे सहयोग शिविरों में उमड़ी भीड़, 131 लोगों ने दर्ज कराई समस्याएं




चितरंजन कुमार


चंडी (अपना नालंदा)। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को चंडी नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविरों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविरों में कुल 131 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए। चंडी नगर पंचायत के वार्ड संख्या-1 स्थित प्राथमिक विद्यालय जैतीपुर तथा वार्ड संख्या-2 के ज्ञानोदय स्कूल में आयोजित शिविर में 23 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, राजस्व, खाद्य आपूर्ति, लघु सिंचाई तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना की मांग से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

वहीं हसनी और तुलसीगढ़ पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर में 108 लोगों ने आवेदन दिए। यहां बिजली, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य, राजस्व, आंगनबाड़ी समेत विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए थे। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने कहा कि सरकार पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे शिविरों से लोगों को प्रखंड और जिला मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।शिविर में बीडीओ राजदेव कुमार रजक, सीओ मो. नोमन, उप मुख्य पार्षद प्रवीण कुमार सुमन, तुलसीगढ़ पंचायत के मुखिया मणिकांत मनीष, हसनी पंचायत के मुखिया भारत भूषण सिंह तथा पैक्स अध्यक्ष शशिकांत कौशल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# कबीर मठ में मिलीं दुर्लभ पांडुलिपियां, गौरव दर्शन केन्द्र का प्रस्ताव





चितरंजन कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ज्ञान भारतम अभियान के अंतर्गत देशभर में प्राचीन पांडुलिपियों के खोज एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नालंदा जिला कला एवं संस्कृति विभाग की अवर सचिव डॉ. शालिनी ने राजगीर के निचली बाजार स्थित मूलगादी कबीरपंथी आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान आश्रम में सुरक्षित देवनागरी लिपि में हस्तलिखित 'विवेक सार' सहित कई दुर्लभ एवं प्राचीन पांडुलिपियों का अवलोकन किया गया।

आश्रम के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि ने बताया कि विभागीय निर्देश के अनुसार पांडुलिपियों का विस्तृत प्रतिवेदन बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजगीर के आठ कबीरपंथी मठों में केवल मूलगादी कबीर आश्रम में ही ऐसी दुर्लभ पांडुलिपियां संरक्षित हैं, इसलिए इस स्थल के संरक्षण एवं विकास की आवश्यकता है।महंत ने बताया कि संतों, विद्वानों और सामाजिक चिंतकों के साथ विचार-विमर्श के बाद आश्रम परिसर में 'राजगीर गौरव दर्शन केन्द्र' स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव बिहार के मुख्यमंत्री, भारत के प्रधानमंत्री तथा राज्य एवं केंद्र के पर्यटन मंत्रियों को सौंपा गया है।प्रस्तावित केन्द्र में राजगीर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहरों को एक स्थान पर प्रदर्शित करने की योजना है, जिससे शोधार्थियों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को लाभ मिलेगा। साथ ही प्राचीन जरासंध अखाड़ा के विकास और वहां कुश्ती प्रशिक्षण की व्यवस्था का भी सुझाव दिया गया है।महंत ब्रजेश मुनि ने बताया कि मूलगादी कबीर आश्रम के जीर्णोद्धार के लिए जिला प्रशासन को भी आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजगीर के पर्यटन विकास के साथ इसकी गौरवशाली विरासतों के संरक्षण और संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।










# बराह सहयोग शिविर में 53 मामलों का निष्पादन, 19 विभागों ने दी सेवाएं



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड की बराह पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का पंचायत स्तर पर त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। डीसीएलआर विजय कुमार ने नोडल पदाधिकारी के रूप में शिविर का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटू यादव ने बताया कि विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 53 मामले पहले से लंबित थे। इनमें अंचल कार्यालय के 26, प्रधानमंत्री आवास योजना के 12, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 4, श्रम विभाग का 1 तथा सामाजिक सुरक्षा कोषांग के 10 मामले शामिल थे। शिविर के दौरान सभी 53 मामलों का निष्पादन कर दिया गया। साथ ही ग्रामीणों से नए आवेदन भी प्राप्त किए गए।शिविर में अंचल, कृषि, मनरेगा, पंचायती राज, प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, सहकारिता, बाल विकास परियोजना, खाद्य एवं आपूर्ति, जीविका, श्रम, बिजली, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, सांख्यिकी, पशुपालन, स्वास्थ्य, कल्याण एवं ग्रामीण कार्य विभाग सहित कुल 19 स्टॉल लगाए गए थे। लोगों की सुविधा के लिए 'मे आई हेल्प यू' काउंटर भी बनाया गया था।मौके पर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल, बीडीओ डॉ. पंकज कुमार, सीओ पूजा, मुखिया सीता देवी, थानाध्यक्ष निशा भारती, पंचायत सचिव विकास कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं कोलावां पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में 47 मामलों का समाधान किया गया।

# खेत बचाओ अभियान से किसानों को मिला टिकाऊ खेती का संदेश




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। मिट्टी की सेहत सुधारने, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों को टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को हरनौत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्र की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. सीमा कुमारी ने किया।

डॉ. सीमा कुमारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक खेती तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि अभियान का मूल मंत्र "स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान, समृद्ध भारत" है। उन्होंने किसानों से खेती में वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की।

मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक सह मीडिया प्रभारी डॉ. यू.एन. उमेश ने कहा कि उर्वरकों का उपयोग हमेशा मिट्टी जांच रिपोर्ट के आधार पर ही करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है। उन्होंने किसानों को हरी खाद के उपयोग, फसल चक्र अपनाने, कम से कम एक दलहनी फसल की खेती करने तथा कंपोस्ट खाद और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी।

कार्यक्रम में गृह विज्ञान की वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा तथा पशु एवं चिकित्सा विज्ञान के वैज्ञानिक उदय प्रकाश नारायण ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने किसानों को जैविक और पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 52 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं मिट्टी संरक्षण, लागत में कमी और बेहतर उत्पादन के लिए काफी लाभदायक साबित होती हैं।










# कुमार रवि ने सुनीं समस्याएं, सभी 35 आवेदनों का निष्पादन




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को अस्थावां प्रखंड की अमावां पंचायत स्थित बेनार पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने की। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सचिव कुमार रवि ने पंचायत सरकार भवन में नवनिर्मित पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही जीविका दीदियों द्वारा संचालित सिलाई केंद्र का निरीक्षण कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सिलाई केंद्र महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और लाभुकों ने भाग लिया। विभिन्न विभागों को कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्रामीण विकास विभाग के 11, अंचल कार्यालय के 8, कल्याण विभाग के 5, पंचायत विभाग के 3, कृषि विभाग के 2, आपूर्ति विभाग के 2, जल संसाधन विभाग के 2 तथा स्वास्थ्य और ग्रामीण कार्य विभाग के एक-एक आवेदन शामिल थे।

प्रशासन की तत्परता से सभी 35 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को जानकारी उपलब्ध करा दी गई। सचिव कुमार रवि ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाना और पंचायत स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हासनचक प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, चिल्कीपुर विजयी



हरिओम कुमार


हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के डिहरी पंचायत अंतर्गत हासनचक गांव के समीप मंगलवार को हासनचक प्रीमियर लीग (एचपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच राज कुमार, पंचायत समिति सदस्य रामबाबू पासवान एवं वार्ड सदस्य शत्रुघ्न पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच चिल्कीपुर और गोसाई बिगहा की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चिल्कीपुर की टीम ने निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 65 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोसाई बिगहा की टीम 52 रन पर सिमट गई। इस प्रकार चिल्कीपुर की टीम ने 13 रन से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र, जिला और राज्य का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

आयोजन समिति के सदस्य दीपेश पासवान एवं अविनाश कुमार ने बताया कि हासनचक में लगभग दस वर्षों के बाद पुनः क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने और खेल के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच बनेगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता टीम को 2500 रुपये तथा उपविजेता टीम को 1500 रुपये नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर ऋषिकेश, भरत सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।






# मोतीपुर में खुलेगी चौथी चीनी मिल, 2030 तक होंगी पच्चीस



पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर प्रखंड स्थित गोसाईंपुर में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल से 288.16 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिले की 109 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। साथ ही 6733 स्वयं सहायता समूहों की जीविका दीदियों को जीविकोपार्जन के लिए 101 करोड़ रुपया का सांकेतिक चेक प्रदान किया। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर जिले में अब तक करीब 10 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें लगभग 90 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार, आधारभूत संरचना और औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने घोषणा की कि मोतीपुर में चौथी चीनी मिल स्थापित की जाएगी तथा वर्ष 2030 तक बिहार में 25 चीनी मिलों को शुरू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट की सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही इसका शिलान्यास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कई मंत्री, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

# एआईएस अधिकारियों के लिए उपयोगी संदर्भ पुस्तक का हुआ विमोचन



पटना (अपना नालंदा)। सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'Essential Companion of An AIS Officer' का विमोचन मंगलवार को मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने किया। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने पुस्तक की उपयोगिता और उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक अखिल भारतीय सेवा (एआईएस) के नए एवं कार्यरत अधिकारियों के प्रशिक्षण, क्षमता संवर्द्धन तथा अनुशासनिक मामलों के प्रभावी संचालन कोध्यान में रखकर तैयार की गई है।

पुस्तक में लोक सेवाओं से जुड़े संवैधानिक प्रावधान, अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियमावली 1968, अनुशासन एवं अपील नियमावली 1969, अभियोजन स्वीकृति संबंधी प्रावधान, सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत अपील एवं समीक्षा से जुड़े नवीनतम दिशा-निर्देशों को समाहित किया गया है। साथ ही महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों का भी संकलन किया गया है।मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इसे प्रशासनिक अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ बताते हुए कहा कि संकलित एवं अद्यतन जानकारी अधिकारियों को सेवा नियमों, अनुशासनिक प्रक्रियाओं और प्रशासनिक निर्णयों की बेहतर समझ विकसित करने में सहायक होगी। उन्होंने मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की टीम की सराहना करते हुए कहा कि दस्तावेजीकरण, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उनके प्रयास भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम के अंत में विभागीय सचिव मो. सोहैल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविंदर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# शेखपुरा में 62 योजनाओं की सौगात, समस्याओं के समाधान पर जोर



पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को शेखपुरा जिले के बरबीघा प्रखंड स्थित सामस बुजुर्ग पंचायत में आयोजित 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा लोगों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने शेखपुरा जिले में 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 62 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 51 योजनाओं का उद्घाटन और 11 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। साथ ही लाभुकों के बीच बासगीत पर्चा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर के निकट ही सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि शेखपुरा में प्राप्त 91 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है और शेष मामलों पर भी तेजी से कार्रवाई जारी है।मुख्यमंत्री ने विष्णु धाम मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए हर आवश्यक वित्तीय सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। शेखपुरा में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना का भी आश्वासन दिया गया।उन्होंने कहा कि बिहार को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा जनहित की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।


# पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, शिक्षाविद् राजवल्लभ सिंह को श्रद्धांजलि



पटना (अपना नालंदा)।राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक स्वर्गीय राजवल्लभ सिंह की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सिवान जिले के बसंतपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश और जिले के अनेक गणमान्य नेताओं, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, जहानाबाद के पूर्व सांसद अरुण कुमार, बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह, गोरेयाकोठी विधायक देवेशकांत सिंह, महाराजगंज विधायक हेमनारायण साह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण, भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी राजीव तिवारी, भाजपा सिवान पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, शिक्षाविद् प्रो. रवींद्र सिंह, जंगबहादुर सिंह तथा जदयू नेत्री निभा सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं।सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राजवल्लभ सिंह जैसे शिक्षक समाज के लिए मार्गदर्शक होते हैं। उनके आदर्शों और शिक्षण पद्धति से नई पीढ़ियों का निर्माण होता है। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि वे जन्मजात शिक्षक थे और उनके अनुशासन तथा समर्पण की चर्चा आज भी लोगों के बीच होती है।बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वर्गीय राजवल्लभ सिंह प्रेरणादायी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में सरकारी विद्यालयों की पहचान और गुणवत्ता को नई ऊंचाई प्रदान की थी।

# सहयोग शिविर में मंत्री ने परखी व्यवस्थाएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री एवं जहानाबाद जिला के प्रभारी मंत्री मो. जमा खान ने मंगलवार को जहानाबाद प्रखंड के मांदे बिगहा पंचायत सरकार भवन तथा काको प्रखंड के पिंजौरा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और आम लोगों से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने शिविर में पहुंचे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने कई आवेदनों का स्वयं अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को विभागवार सहयोग पोर्टल पर तत्काल अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को त्वरित लाभ मिल सके।

मंत्री ने शिविर प्रभारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदक को आवेदन प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराई जाए, जिससे आवेदनों की पारदर्शी निगरानी और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित हो सके।काको प्रखंड के पिंजौरा पंचायत में प्रभारी मंत्री ने कई लाभुकों को राशन कार्ड एवं भूमि संबंधी पर्चा भी वितरित किया। लाभुकों ने बिहार सरकार, जिला प्रशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय, पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान, घोषी विधायक रितुराज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रभारी सचिव ने सहयोग शिविर जांचा, त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।जन शिकायतों के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण प्रभारी सचिव, जहानाबाद जिला सह अपर सदस्य, राजस्व परिषद डॉ. आशिमा जैन ने मोदनगंज प्रखंड के गंधार पंचायत सरकार भवन में किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर की कार्यप्रणाली, विभागीय समन्वय, आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा शिकायतों के निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया।

प्रभारी सचिव ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी), सामाजिक सुरक्षा पेंशन, फार्मर आईडी निर्माण, श्रम, राजस्व सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागों द्वारा वितरित किए जा रहे पंपलेट, योजनाओं की जानकारी तथा नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं का भी अवलोकन किया। साथ ही जिला पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर एवं अंचल न्यायालय से संबंधित लंबित राजस्व मामलों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान सहयोग पोर्टल पर लंबित आवेदनों की जांच में एक जॉब कार्ड तथा एक जमाबंदी सुधार से संबंधित आवेदन लंबित पाया गया। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।डॉ. आशिमा जैन ने शिविर प्रभारी एवं विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व, पेंशन, प्रमाण पत्र, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को उसी दिन सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा उनकी नियमित समीक्षा कर अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, छायादार स्थान एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही निष्पादित मामलों को भी सहयोग पोर्टल पर अद्यतन करने का निर्देश दिया, ताकि पारदर्शिता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके।

# चिरी सहयोग शिविर में डीएम ने समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने निर्देश दिए



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।मुख्यमंत्री बिहार सरकार के निर्देशानुसार जिले की विभिन्न पंचायतों में आयोजित किए जा रहे "सहयोग शिविर" के तहत हुलासगंज प्रखंड की चिरी पंचायत में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर संचालन व्यवस्था, प्राप्त आवेदनों की स्थिति तथा उनके सहयोग पोर्टल पर अपलोड और निष्पादन की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने शिविर प्रभारी एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को अनिवार्य रूप से सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया जाए। साथ ही प्रत्येक आवेदक को आवेदन प्राप्ति की पावती उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवेदन की पारदर्शी निगरानी और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करें तथा निष्पादित मामलों की जानकारी संबंधित आवेदकों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी), स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व तथा अन्य विभागों से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन अधिकतम 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी ने लाभुकों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर फीडबैक भी लिया। ग्रामीणों ने बताया कि सहयोग शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं के समाधान में काफी सुविधा मिल रही है। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

# विशेष अभियान में बड़ी सफलता, मानव तस्करी का आरोपी गिरफ्तार हुआ



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)।जहानाबाद पुलिस ने मानव तस्करी, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2023 से फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान के निर्देशन में फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) ने बताया कि टेहटा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी टेहटा थाना कांड संख्या 694/23 में वांछित था और उसके खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपहरण, दुष्कर्म और मानव तस्करी के आरोप हैं। इसके अलावा उसके विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत नाबालिग के यौन शोषण तथा अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम (आईटीपीए) के तहत भी मामला दर्ज है। इन गंभीर आरोपों के कारण अभियुक्त लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था।

पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान टेहटा थाना पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।

एसडीपीओ ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस ने कहा कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी फरार अभियुक्त को बख्शा नहीं जाएगा।

# ओड़ो पंचायत में सहयोग शिविर, लाभुकों को योजनाओं का मिला लाभ




संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। प्रखंड के ओड़ो पंचायत स्थित इंटर विद्यालय ओड़ो परिसर में मंगलवार को 'सबका सम्मान, जीवन आसान' संकल्प के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष निशा कुमारी, अपर समाहर्ता अनिल कुमार तिवारी, डीएसपी राहुल कुमार, बीडीओ सोनिया ढनढनिया, सीओ रईस आलम तथा मुखिया चिंता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सहयोग शिविर आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के समन्वयकों की सहायता से प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के पांच लाभुकों को गृह प्रवेश के लिए प्रतीकात्मक रूप से चाबी प्रदान की गई। इसके अलावा नौ लाभुकों को राशन कार्ड तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 16 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया चिंता देवी ने की, जबकि संचालन आवास सहायक चंदन कुमार पांडेय ने किया। शिविर में विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

शिविर में शिक्षा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, कृषि, मनरेगा, लोहिया स्वच्छता अभियान, पशुपालन तथा विद्युत विभाग सहित नौ विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने लोगों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान की प्रक्रिया शुरू की।

मौके पर बीएओ विवेक कुमार गौरव, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रामसागर पाल, एमओ शैलेश कुमार, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, प्रधान लिपिक दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महान विभूतियों की जन्मस्थलियां बनेंगी आदर्श ग्राम, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। भाजपा नेता एवं सांसद विवेक ठाकुर के आग्रह पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य की महान विभूतियों की जन्मस्थलियों एवं कर्मस्थलियों का सर्वेक्षण कर उन्हें चरणबद्ध तरीके से आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सांसद विवेक ठाकुर ने बिहार के महापुरुषों से जुड़े स्थलों के संरक्षण एवं विकास की आवश्यकता पर बल दिया था। इस प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल करते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि बिहार ज्ञान, संस्कृति, अध्यात्म, स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक सुधार और राष्ट्र निर्माण की गौरवशाली परंपरा का केंद्र रहा है। ऐसे में उन महापुरुषों की जन्मस्थलियों और कर्मस्थलियों को संरक्षित करना आवश्यक है, जिन्होंने अपने विचारों और कार्यों से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि इन स्थलों को प्रेरणा केंद्र के रूप में विकसित कर नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ा जाएगा।उन्होंने विशेष रूप से नवादा लोकसभा क्षेत्र की विभूतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह सहित अनेक महान व्यक्तित्वों की स्मृतियों को संरक्षित कर उनके स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा।सांसद ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, समृद्धि और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित करेगा तथा अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा।

# पकरीबरावां में युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, सड़क किनारे मिला शव, हत्या की प्राथमिकी दर्ज




संजय वर्मा

पकरीबरावां (अपना नालंदा)। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के राजेबीघा-धेवधा छिलका के पास मंगलवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर पकरीबरावां के एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी, पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार एवं थानाध्यक्ष रंजन चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। इसी दौरान मृतक की नानी और पिता मौके पर पहुंचे और शव की पहचान रामनगर निवासी प्रसिद्ध पंडित के 19 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार के रूप में की।

पुलिस को घटनास्थल से मृतक की साइकिल भी बरामद हुई है। मृतक के पिता ने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए अज्ञात लोगों के विरुद्ध पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटनास्थल पर एफएसएल टीम ने पहुंचकर जांच की तथा विभिन्न साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

परिजनों के अनुसार संदीप कुमार पकरीबरावां बाजार स्थित एक आभूषण दुकान में कार्य करता था। वह सोमवार को रोज की तरह घर सेनिकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रात में ही उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी, लेकिन उसका मोबाइल फोन भी बंद या अनुत्तरित था। मंगलवार सुबह भी परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। इसी दौरान करीब नौ बजे छिलका के पास एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली।

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

संदीप की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। घटनास्थल पर परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक परिवार का कमाऊ सदस्य था। उसके पिता दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और दोनों की आय से परिवार का भरण-पोषण होता था।

बताया जाता है कि संदीप की मां मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी वह स्वयं उठाता था। हाल ही में वह अपनी मां का इलाज कराने रांची भी गया था। युवक की असामयिक मौत से भाई-बहनों समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने नवादा-जमुई मुख्य मार्ग पर वारिसलीगंज मोड़ के समीप सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया। हालांकि कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बताया कि हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस अनुसंधान के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# करतारा मोड़ पर भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल, एक का पैर कटा

संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के करतारा मोड़ के पास सोमवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि एक युवक का पैर घटनास्थल पर ही कट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुई जिले के चनरवर गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र विपीन कुमार तथा महादेव यादव के पुत्र विभीषण कुमार बाइक से नवादा स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज से अपनी मार्कशीट लेने गए थे। मार्कशीट लेकर वापस लौटने के दौरान करतारा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई।

हादसे में बाइक चला रहे विभीषण कुमार गंभीररूप से घायल हो गए और उनका एक पैर कट गया। वहीं विपीन कुमार को भी गंभीर चोटें आईहैं। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल इसकी सूचना पकरीबरावां थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रंजन चौधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

इस बीच कचना गांव निवासी समाजसेवी धर्मेंद्र यादव ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

उधर, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी है।

# दहपर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के दहपर स्थित हाई स्कूल परिसर में सोमवार की शाम सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धार्मिक अनुष्ठान के उद्घाटन अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील कुमार, कांग्रेस नेता दिलीप कुमार तथा समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ई. सुनील कुमार ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता व्यक्ति के भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाती है तथा जीवन को सही दिशा प्रदान करती है। ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कांग्रेस नेता दिलीप कुमार ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में आध्यात्मिक ज्ञान की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। आध्यात्मिकता मनुष्य को गलत मार्ग पर जाने से रोकती है और उसके जीवन में नैतिक मूल्यों को स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति और सत्संग के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

वहीं समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने श्रद्धालुओं से कथा को श्रद्धा और शांति के साथ सुनने तथा उसमें बताए गए आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य को स्वयं की पहचान और ईश्वर की महिमा को समझने का अवसर प्रदान करता है।

कथा के प्रथम दिन राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध कथा वाचक श्याम शुभम जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में गुरु की कृपा प्राप्त हो जाए तो मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात स्वरूप है। भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है और उसे सत्य तथा धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

श्याम शुभम जी महाराज ने कहा कि बुद्धिमान वही व्यक्ति है जो ज्ञान की अच्छी बातों को ग्रहण कर उन्हें अपने जीवन में उतारने का प्रयास करे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की महिमा, भक्ति और मानव जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े ध्यान और भाव-विभोर होकर सुना।

कार्यक्रम में रंजू सिन्हा, अमाया सिन्हा, अमन सिंह, अंजनी कुमारी, प्रवीण कुमार, नम्रता कुमारी, दिग्विजय सिंह, अमरेंद्र कुमार, चंद्रशेखर, नीतीश महतो, नीरज सिंह, फंटूश कुमार, अश्विनी कुमार वर्मा, लड्डू जी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कथा के पहले दिन ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। सात दिनों तक चलने वाली इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## मूंग की फसल चराने के विवाद में मारपीट, दो किसान घायल

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में मूंग की फसल में भैंस चराने को लेकर हुए विवाद में मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में किसान बिरू सिंह एवं अजय सिंह घायल हो गए।

घायलों ने बताया कि बहेरा गांव के कुछ लोग उनकी मूंग की फसल में मवेशियों को घुसाकर चरा रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया और मवेशियों को खेत से हटाने को कहा, तो आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी, जिसमें बिरू सिंह एवं अजय सिंह घायल हो गए।

# सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, अधिकांश मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन




विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नूरसराय प्रखंड की पपरनौसा एवं जगदीशपुर तियारी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए।

शिविर में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की संख्या सबसे अधिक रही। इसके अलावा विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना, राजस्व संबंधी मामलों तथा अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। उपस्थित अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जगदीशपुर तियारी पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान कुल 83 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 82 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।नगर आयुक्त एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिविर का निरीक्षण कर लोगों से संवाद किया। अधिकारियों ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर बीडीओ डॉ. जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, जीविका बीपीएम आनंद किशोर, बीसीओ रौशन कुमार, किसान सलाहकार प्रीति कुमारी, विकास मित्र रेणु कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर दिलशाद नवी, सीडीपीओ राजेश कुमार, ग्रामीण विकास पदाधिकारी नीतीश पाठक, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पिंकी कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बीडीओ ने लोगों से ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

करायपरसुराय (अपना नालंदा)। हिलसा-फतुहा मुख्य मार्ग पर मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना चन्दकुरा छिलका के समीप हुई, जहां एक ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घायल युवक की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के गजिन बिगहा गांव निवासी संजीव कुमार के 25 वर्षीय पुत्र शंकर कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर कुमार अपनी बाइक की मरम्मत कराने के लिए गांव से डीयावा जा रहा था। इसी दौरान चन्दकुरा छिलका के पास एक ट्रैक्टर से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करायपरसुराय पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा फरार ट्रैक्टर चालक और वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है।

# एक शिक्षक के रिटायर होते ही बंद हो गया पूरा स्कूल, 70 बच्चों की पढ़ाई पर लगा ताला




थरथरी (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के थरथरी प्रखंड स्थित अमेरा गांव का डॉ. रामस्वरूप संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालय पिछले पांच माह से बंद पड़ा है। विद्यालय के एकमात्र शिक्षक उमाकांत पाण्डेय के 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद यहां पठन-पाठन पूरी तरह ठप हो गया है। शिक्षक के सेवानिवृत्त होते ही विद्यालय में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, जिससे करीब 70 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि 1 जनवरी 2026 से विद्यालय में न तो नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं और न ही बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों का लाभ मिल पा रहा है। इसके कारण अभिभावकों और विद्यार्थियों में चिंता का माहौल है। कई बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे हैं, जबकि कुछ को दूसरे विद्यालयों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीण दयानंद सिंह, शंकर शरण सिंह, अरुणसिंह तथा विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों ने शिक्षा विभाग से जल्द शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है। उनका आरोप है कि कई माह बीत जाने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

वर्ष 1977 में स्थापित इस विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई होती थी। विद्यालय में भवन, शौचालय, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। मध्याह्न भोजन योजना का भी संचालन होता था, लेकिन शिक्षक नहीं होने के कारण पूरा विद्यालय बंद पड़ा है।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई तो बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने शिक्षा विभाग से अविलंब कार्रवाई कर विद्यालय में पठन-पाठन शुरू कराने की मांग की है।

# केनरा बैंक के सहयोग से महाविद्यालय में लगा शुद्ध एवं शीतल पेयजल संयंत्र




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर नगर स्थित स्नातक महाविद्यालय परिसर में केनरा बैंक के सौजन्य से छात्र-छात्राओं को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शुद्ध एवं शीतल पेयजल मशीन समर्पित की गई। इसका उद्घाटन महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रसाद, प्रभारी प्राचार्य प्रो. आनंदी प्रसाद तथा केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक पंकज वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के उपरांत उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए महाविद्यालय परिसर में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था एक सराहनीय पहल है। इससे विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

प्रभारी प्राचार्य प्रो. आनंदी प्रसाद ने कहा कि केनरा बैंक के सहयोग से महाविद्यालय में शुद्ध एवं शीतल पेयजल मशीन स्थापित की गई है। इसके लिए महाविद्यालय परिवार बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुविधा दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक पंकज वर्मा ने कहा कि बैंक प्रबंधन समय-समय पर जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपनी सहभागिता निभाता रहा है।

भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य जारी रहेंगे।

इस अवसर पर प्रो. मिथलेश प्रसाद, गिरिजानंदन सिंह, प्रो. अंजीर बिहारी, अनुज कुमार, केनरा बैंक के अविनाश पाण्डेय, प्रो. विनोद कुमार सहित महाविद्यालय परिवार एवं बैंक के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़, 164 शिकायतों के समाधान की पहल



थरथरी (अपना नालंदा)। आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को थरथरी प्रखंड की जैतपुर और कचहरीया पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा किए।

जैतपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदवरही तथा कचहरीया पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में कुल 164 आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें जैतपुर पंचायत से 87 तथा कचहरीया पंचायत से 77 आवेदन दर्ज किए गए। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा राजस्व संबंधीमामलों की शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आवेदनों का पंजीकरण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा और पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

शिविर में नोडल पदाधिकारी प्राची रिया, अंचलाधिकारी चेतना कुमारी, मुखिया शैलेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूरे जिलेभर में मोदी सरकार की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला की मासिक बैठक मंगलवार को बिहारशरीफ परिसदन में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना का जिला पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पत्रक वितरित करेंगे तथा लोगों से संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं औरउपलब्धियों की जानकारी देंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रधानमंत्री के आह्वान "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत जिले के सभी बूथों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा प्रेस वार्ता, प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान और विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। वहीं 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर सभी मंडलों में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया।

जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, अरविंद पटेल, वीरेंद्र गोप, शिवरतन प्रसाद, अमरेश कुमार, उजाला कुमार सोनी, अमरकांत भारती समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पब्लिक लाइब्रेरी खोलने की मांग पर छात्रों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा मंगलवार को स्मार्ट सिटी फंड से निर्मित धनेश्वरघाट स्थित पब्लिक लाइब्रेरी को आम जनता के लिए शीघ्र खोलने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में हजारों छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई और लाइब्रेरी को सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ जल्द शुरू करने की मांग की।

अभियान का शुभारंभ अभाविप के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. बिनीत लाल ने किया। उन्होंने कहा कि नालंदा ज्ञान की भूमि रही है और आधुनिक एवं सुसज्जित पब्लिक लाइब्रेरी शहर को ज्ञान के केंद्र के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के निर्धारित उद्देश्यों को प्रशासनिक उदासीनता के कारण अपेक्षित सफलता नहीं मिल पा रही है। जनता के कर से बनी सुविधाओं को शीघ्र जनता के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि जिला प्रशासन को लाइब्रेरी खोलने की स्पष्ट समय-सीमा घोषित करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो विद्यार्थी परिषद छात्रों के साथ शांतिपूर्ण आंदोलन करेगी।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति ने कहा कि प्रशासन बार-बार लाइब्रेरी जल्द खोलने का आश्वासन देता है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रबंधन से छात्रों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की।

ज्ञात हो कि सोमवार को अभाविप ने इस संबंध में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपकर 15 दिनों के भीतर लाइब्रेरी चालू करने की मांग की थी।

अभियान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल मेहता, सुमित पटेल, विवेक कुमार, रिषिका, सिमरन कुमारी, रजनीश कुमार, हिमांशु कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल रहे।

# सरकारी सर्वे के दौरान दो पक्षों में हिंसक झड़प, दोनों ओर से थाना में आवेदन

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के हरसेनी गांव में जमीन के सरकारी सर्वे एवं मापी के दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मकसूदपुर चमर बिगहा गांव निवासी राकेश कुमार ने इस्लामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 11 लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। अपने आवेदन में उन्होंने मारपीट, फायरिंग और लूटपाट का आरोप लगाया है।

राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने हरसेनी गांव में एक भूखंड खरीदा था। उसी जमीन का सरकारी सर्वे एवं मापी कराने के लिए वह राजस्व कर्मियों के साथ स्थल पर पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उक्त भूमि पर अपना दावा जताते हुए सर्वे कार्य का विरोध करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई।

आरोप है कि नामजद लोगों ने लाठी-डंडों एवं अन्य हथियारों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। राकेश कुमार का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। उन्होंने आवेदन में कहा है कि मारपीट के दौरान उनके पास मौजूद नकदी, मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान भी छीन लिया गया। घटना के कारण सरकारी सर्वे का कार्य बाधित हो गया।

वहीं दूसरे पक्ष ने भी थाना में लिखित आवेदन देकर राकेश कुमार एवं उनके समर्थकों पर मारपीट, गाली-गलौज तथा जबरन जमीन पर कब्जा करने की नीयत से कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष का कहना है कि विवादित भूमि को लेकर पहले से मामला चल रहा है और उनकी आपत्ति सुने बिना सर्वे कराया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर विवाद उत्पन्न हुआ।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके की जानकारी लेकर दोनों पक्षों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

थानाध्यक्ष अनील कुमार पांडेय ने बताया कि घटनास्थल से जुड़े तथ्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

# मलमास मेले में अंधेरे में डूबा पटेल चौक, बढ़ी चिंता

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।राजकीय मलमास मेला अपने चरम पर है और लाखों श्रद्धालु तथा पर्यटक बिहारशरीफ पहुंच रहे हैं। इस बीच नगर परिषद द्वारा शहर में बेहतर पथ प्रकाश व्यवस्था के दावों पर सवाल उठने लगे हैं। शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल पटेल चौक का हाईमास्क लाइट लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार पटेल चौक स्थित हाईमास्क लाइट खराब होने के कारण शाम होते ही पूरे क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी नहीं मिल पाती। यह चौराहा नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। मलमास मेला के दौरान यहां श्रद्धालुओं, वाहनों तथा स्थानीय और बाहरी लोगों की भारी आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद अब तक हाईमास्क लाइट की मरम्मत नहीं कराई गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि वे लगातार नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से लाइट चालू कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि आम जनता की समस्याओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की शिकायतों की भी अनदेखी की जा रही है।लोगों का कहना है कि इसी मार्ग से प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मेला क्षेत्र में आते-जाते हैं, फिर भी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जिला पदाधिकारी से हस्तक्षेप कर पटेल चौक की हाईमास्क लाइट को अविलंब चालू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि मेले के दौरान यह स्थिति सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दोनों के लिए चिंता का विषय है।

# कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलटा ई-रिक्शा, दो महिलाएं घायल, एक पटना रेफर

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्गांवा गांव के समीप मंगलवार को सड़क पर अचानक आए एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेन थाना क्षेत्र के बेन बाजार निवासी मृत्युंजय प्रसाद की पत्नी संगीता देवी (35 वर्ष) तथा उनकी बहन बबली देवी (28 वर्ष) ई-रिक्शा से बेन से इस्लामपुर आ रही थीं। इसी दौरान ब्रह्गांवा गांव के पास सड़क पर अचानक एक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण घायल महिलाओं के परिजनों को जानकारी दी। खो बैठा, जिससे ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया।

हादसे में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और दोनों घायलों को ई-रिक्शा से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस्लामपुर पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद संगीता देवी की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। वहीं बबली देवी का उपचार स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने दोनों

# सहयोग शिविर में गूंजी जनसमस्याएं, कई मामलों का त्वरित समाधान

करायपरसुराय (अपना नालंदा)। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को गांव स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को करायपरसुराय प्रखंड की डीयावा और करायपरसुराय पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। डीयावा पंचायत के मनरेगा भवन तथा करायपरसुराय पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे।

शिविर में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड संख्या-7 निवासी उमा शंकर प्रसाद ने आवेदन देकर बताया कि नाला निर्माण नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क और गलियों में बह रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। उन्होंने दियावन स्टेशन के दक्षिण सड़क किनारे कचरा फेंके जाने की समस्या भी उठाई और नियमित कचरा प्रबंधन की मांग की। वहीं 70 वर्षीय अवध बिहारी प्रसाद ने खेत के दाखिल-खारिज में हो रही देरी की शिकायत करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अब लोगों को शिकायत दर्ज कराने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने इसके लिए सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 और ऑनलाइन सहयोग पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई है, जहां दर्ज शिकायतों का 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

शिविर के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। साथ ही कुछ लाभुकों को जन्म प्रमाण पत्र और जन वितरण प्रणाली से संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए। इससे ग्रामीणों में संतोष देखा गया।